नारियों का भाग मैया तूने कैसा बनाया है

नारियों का भाग मैया तूने कैसा बनाया है,
भारत की बेटियों का कैसा भाग बनाया है,
नारियों का भाग मैया तूने कैसा बनाया है....

हर युग में मैया नारी को सताया है,
हर युग में मैया अपनों ने रुलाया है,
भारत की बेटियों का कैसा भाग बनाया है.....

अहिल्या जैसी नारी को इंद्रदेव ने सताया है,
उन्हीं के पति ने उनको पत्थर का बनाया है,
भारत की बेटियों का कैसा भाग बनाया है.....

सीता जैसी नारी को रावण ने सताया है,
उन्हीं के पति ने उनको क्यों घर से निकाला है,
भारत की बेटियों का कैसा भाग बनाया है.....

द्रुपद जैसी नारी को दुशासन ने सताया है,
उन्हीं के पति ने उनको क्यों जुए में हारा है,
भारत की बेटियों का कैसा भाग बनाया है.....

मीरा जैसी नारी को राणा ने सताया है,
उन्हीं के पति ने उनको क्यों जहर पिलाया है,
भारत की बेटियों का कैसा भाग बनाया है.....

कलयुग की बेटियों को दहेज ने सताया है,
उन्हीं के पति ने उनको क्यों जिंदा जलाया है,
भारत की बेटियों का कैसा भाग बनाया है.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28022/title/nariyo-ka-bhaag-mayia-tune-kaisa-banaya-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |